तेरी मोरछड़ी का जादू कैसा छा गया

तेरी मोरछड़ी का जादू कैसा छा गया,
प्यारा प्यारा रूप तेरा मुझको भा गया,
छोड़ कर सारा जग तेरा दर आ गया,
सँवारे मेरा दिल तुझपे आ गया,

गुंगरली लट तेरा मुखड़ा निराला है,
काली गजरारी आखे तेरी मधुशाला है,
तेरा श्रृंगार श्याम मुझको लुभा गया,
सँवारे मेरा दिल तुझपे आ गया,

दिल में हसीं तेरी सूरत वसाई है जब से निहारा तुझे दुनिया भुलाई है,
तेरे संग मैं तो क्या क्या सपने सजा गया,
सँवारे मेरा दिल तुझपे आ गया,

मोर छड़ी वाले तेरे रूप को जो जाना है,
कहे नवनीत मेरा दिल ये दीवाना है,
जब से कहानी तेरी शर्मा बता गया,
सँवारे मेरा दिल तुझपे आ गया,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/8262/title/teri-morchadi-ka-jaadu-kaisa-chaa-geya-pyara-pyara-roop-tera-mujhko-bha-geya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |